# भाषा परीक्षण : हिन्दी

1. हिन्दी भाषा में कितनी बोलियाँ हैं?
   (a) 15 (b) 25
   (c) 18 (d) 22
2. 'चार गज मलमल' में कौन–सा विशेषण है?
   (a) संख्यावाचक (b) गुणवाचक
   (c) परिमाणबोधक (d) सार्वनामिक
3. शुद्ध वर्तनी का चयन करें –
   (a) उज्ज्वल (b) उजवल
   (c) उज्ज्वल (d) उत्ज्वल
4. लघु का विलोम बताइए –
   (a) बड़ा (b) छोटा
   (c) गुरु (d) इनमें से कोई नहीं
5. 'आँख की किरकरी होना' का अर्थ है –
   (a) अप्रिय लगना (b) बहुत प्रिय होना
   (c) धोखा देना (d) प्यार करना
6. 'उपत्यका' का अर्थ है
   (a) प्राणियों के पेट का एक अंग
   (b) पर्वत का शिखर
   (c) पर्वत के पास की भूमि
   (d) सूर्य जिस पर्वत के पीछे से निकलता है
7. अत्यंत शब्द में उपसर्ग है –
   (a) अत् (b) अ
   (c) अत्य (d) अति
8. चौराहा शब्द में समास है
   (a) कर्मधारय (b) द्वंद्व
   (c) द्विगु (d) अव्ययीभाव
9. 72 को हिन्दी में बताइए –
   (a) बहत्तर (b) बहीतर
   (c) बहितर (d) बह्तर
10. जनवरी का महीना हिन्दी में बताइए –
    (a) चैत्र (b) बैसाख
    (c) पूस (d) माघ
11. अर्द्धस्वर व्यंजन है :–
    (a) क्ष, त्र (b) ट, ठ
    (c) य, व (d) प, फ
12. 'तुमने मुझे पुस्तक दी' क्रिया बताइए –
    (a) एककर्मक (b) द्विकर्मक
    (c) प्रेरणार्थक (d) नामधातु
13. नमस्ते का संधि–विच्छेद है –
    (a) नमः +ते (b) नमस् +ते
    (c) नम+स्ते (d) नः +स्ते
14. हाय फूल–सी नन्हीं बच्ची में अलंकार है –
    (a) अनुप्रास (b) उपमा
    (c) उत्प्रेक्षा (d) यमक
15. आकाश का पर्यायवाची नहीं है –
    (a) व्योम (b) अभ्र
    (c) द्यौ (d) अनन्य

**निर्देश (प्र.सं. 16-20) :**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

## अनुच्छेद

जैसा सोचोगे, वैसा बनोगे, एक उचित लोकोक्ति है। हममें से अधिकतर लोग कथनी और करनी में अंतर रखते हैं। कारण, बीच में ईर्ष्या आ जाती है। हम कहते हैं कि सबका भला सोचो किंतु जैसे ही यहां तक कि हमारा दोस्त ही क्यों न हो, अगर वह हमसे अधिक तरक्की कर लेता है तो हम उससे चिढ़ने लगते हैं। उसकी असफलता के लिए दुआ करने लगते हैं। ऐसे कर्मो द्वारा हमारा व्यवहार भी बिगड़ने लगता है जो अनुचित है।

इस कारण हमें अनेक कठिनाइयाँ भीझेलनी पड़ती हैं। उपाय, एक ही है अच्छा सोचो, अच्छे बनो। ऐसा करने से एक दिव्य शक्ति प्रवेश करती है जो हमारी शक्ति को बढ़ाती है। जब भी दूसरों पर गुस्सा आए, तो उसकी अच्छाइयाँ या उसने हमारे लिए अब तक जो अच्छे काम किए हैं उसके बारे में सोचो। धीरे–धीरे गुस्सा शांत हो जाएगा और हम एक विनयशील मानव बनते जाएंगे।

16. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक बताइए –
    (a) कथनी–करनी में अंतर (b) जैसा सोचोगे, वैसा बनोगे
    (c) सफलता (d) कठिनाइयाँ
17. अधिकतर लोग क्या करते हैं ?
    (a) सोचते अधिक हैं
    (b) कथनी–करनी में अंतर रखते हैं
    (c) उचित व्यवहार करते हैं
    (d) शांत रहते हैं
18. कठिनाइयाँ क्यों झेलनी पड़ती हैं?
    (a) जब हम सबका अच्छा सोचते हैं
    (b) दूसरों का बुरा सोचते हैं
    (c) सफलता प्राप्त करते हैं
    (d) गुस्सा शांत करते हैं
19. शांत रस का स्थायी भाव है –
    (a) रति (b) वैराग्य
    (c) अनुराग (d) जुगुप्सा
20. क्या हमारी शक्ति को बढ़ाती है?
    (a) दिव्य शक्ति (b) दैन्य शक्ति
    (c) विनयशीलता (d) अच्छाइयाँ